St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar(2nd term) **Class**: 4 **Date**:02.07.2020

Topic- अपठित गद्यांश **Answer worksheet -1**

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1) धौम्य ऋषि क्या करते थे ?

उ) धौम्य ऋषि जंगल में तपस्या करते थे और वहाँ रहने वाले शिष्यों को शिक्षा भी देते थे |

2) धौम्य ऋषि कैसे थे ?

उ) धौम्य ऋषि बहुत परिश्रमी थे और वे अपने शिष्यों से भी बहुत मेहनत करवाते थे |

3) शिष्य और गुरु के संबंध कैसे थे ?

उ) शिष्य अपने गुरु की बात सुनते थे |वे उनकी हर आज्ञा का पालन करते थे |गुरु भी अपने शिष्यों का बहुत ध्यान रखते थे |

4) बारिश होने पर गुरु ने अपने शिष्य आरुणि से क्या कहा ?

उ) बारिश होने पर गुरूजी ने अपने शिष्य से कहा कि वह खेत की मेड़ बाँध दे , जिससे बरसात का पानी खेत से बाहर न निकल पाए |

5) आरुणि मेड़ पर क्यों लेट गया ?

उ) पानी का बहाव तेज़ होने के कारण मिट्टी पानी के साथ बह रही थी |इसलिए आरुणि पानी का बहाव रोकने के लिए स्वयं मेड़ पर लेट गया |

निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :-

6) परिश्रमी - मेहनती

7) प्रवाह - बहाव

वाक्य पुरे करो :-

8) एक दिन मूसलाधार बारिश हो रही थी |

9) गुरूजी ने उसे उठाकर <u>गले से लगा लिया</u> |

<u>कोई दो व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखो :-</u>

10) धौम्य ऋषि

11)आरुणि

<u>दो सर्वनाम शब्द लिखो :-</u>

12)वह

13)उसने

<u>दो क्रिया शब्द लिखो :-</u>

14)निकलना

15)लेटना

<u>दो विशेषण शब्द लिखो :-</u>

16) मूसलाधार

17)परिश्रमी

<u>दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-</u>

18)बारिश - बरसात , वर्षा

19)पानी - जल , नीर

<u>वाक्य बनाओ :-</u>

20)आज्ञा - हमें बड़ों की <u>आज्ञा</u> माननी चाहिए |

Poonam Mehra